**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 450**
**दिनांक 04 फरवरी, 2025 के लिए प्रश्न**

**जानवरों की मौत**

**450. डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु राज्य में हाल ही में आई आपदाओं में मरे हुए जानवरों की संख्या कितनी है;

(ख) घरेलू पशुओं के विनाश की क्षतिपूर्ति के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) इस संबंध में उठाए गए अन्य कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**
**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत तथा अंतर-मंत्रालयीय केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) द्वारा आकलित ज्ञापन के अनुसार 30 नवम्बर, 2024 के चक्रवाती तुफान 'फेंगल' के कारण 2991 गोपशुओं के गुम होने की सूचना मिली है।

(ख) आपदाओं के कारण होने वाली पशुओं की हानि की भरपाई के लिए विभाग की कोई योजना नहीं है। राज्य आपदा कार्रवाई निधि (एसडीआरएफ) के तहत वित्तीय सहायता मुआवजे के लिए नहीं बल्कि राहत के रुप में प्रदान की जाती है। संबंधित राज्य सरकार चक्रवाती तूफान सहित प्राकृतिक आपदा के समय भारत सरकार के अनुमोदित मदों और मानकों के अनुरुप राज्य आपदा कार्रवाई निधि (एसडीआरएफ) से आवश्यकता राहत प्रदान करती है।

(ग) तमिलनाडु राज्य ने आगे यह भी बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए हैं।

*****